प्रादेशिक समाचार
दिनांक–10.10.2023 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में सातंवी से दसवीं बैच के पुलिस उपाधीक्षकों और जिला समादेष्टाओं को दिलाएंगे शपथ।
- रेल मंत्रालय ने अमृत भारत स्टेशन प्रोजेक्ट में शामिल जसीडीह, देवघर, मधुपुर, शंकरपुर और बासुकिनाथ रेलवे स्टेशनों के विकास की दी स्वीकृति।
- दिवंगत कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के पार्थिव शरीर को मांडर से लाया जा रहा है रांची स्थित संत मरिया महागिरजाघर, लोयला मैदान में किया जा रहा है मिस्सा अर्पित।
- आईसीसी विश्वकप क्रिकेट मैच में इंग्लैंड ने बांग्लादेश के विरूद्व पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 1 विकेट खोकर 217 रन बना लिए हैं।

और अब समाचार विस्तार से

************************

झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में पुलिस उपाधीक्षकों और जिला समादेष्टाओं की सातवीं से दसवीं बैच के अधिकारियों के लिए आज दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। दीक्षान्त समारोह में 39 पुलिस उपाधीक्षक और 14 जिला समादेष्टाओं को शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं। इस मौके पर पुलिस अकादमी में पासिंग परेड का आयोजन किया जाएगा।

************************

मंत्री चंपई सोरेन ने चाईबासा में कल प्रमंडल स्तरीय समीक्षा की। समीक्षा के बाद मंत्री श्री सोरेन ने बताया कि कल्याण और परिवहन विभागों से संचालित योजनाएं एवं कार्यक्रमों में अपेक्षित प्रगति है। उन्होंने कहा कि इसमें निरंतर सुधार के लिए विभिन्न बिंदुओं पर पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। समीक्षा बैठक में प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार, डीआईजी अजय लिंडा, उपायुक्त अनन्य मित्तल समेत वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

************************

झारखंड राज्य आवास बोर्ड की 72वीं बैठक कल हुई। बैठक की अध्यक्षता आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने की। बैठक में फैसला लिया गया कि आवास बोर्ड हरमू में शॉपिंग काम्प्लेक्स का निर्माण कराएगा वहीं थ्री स्टार होटल भी बनाया जाएगा। बोर्ड ने अरगोड़ा चौक के विकास योजना को भी बैठक में मंजूरी दी। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि हरमू या अरगोड़ा में अतिथिशाला सह निरीक्षण भवन बनाया जाएगा। बोर्ड ने मंत्रिमंडल सचिव के संकल्प के तहत राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों के वेतन वृद्धि को भी मंजूरी दे दी है।

************************

कोल इंडिया के कर्मियों को बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। जबलपुर उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने पूर्व में सिंगल बेंच से हुए आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी है। पूर्व में जबलपुर उच्च न्यायालय ने कोल इंडिया कर्मियों के 11वें वेतन समझौते को रद्द कर दिया था। अब मामले की सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। उच्च न्यायालय के इस आदेश से करीब दो लाख बीस हजार कोल कर्मियों के सितंबर माह के वेतन भुगतान का रास्ता साफ हो गया है। इधर कोल इंडिया में 12 से 14 अक्टूबर तक प्रस्तावित हड़ताल स्थगित कर दी गई है।

************************

कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी कार्य के तहत अच्छे प्रदर्शन के लिए गोड्डा जिले के राजमहल कोल परियोजना ईसीएल को पुरस्कृत किया गया है। गोड्डा जिले के ईस्टर्न कोल्ड फील्ड लिमिटेड– राजमहल कोल परियोजना के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक एस के प्रधान ने सम्मान ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि गोड्डा जिले में कई प्रभावित क्षेत्रों में सामाजिक कार्य किया जा रहा है। इनमें कौशल विकास, स्त्री सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवा सुविधा, जलापूर्ति योजना के कई कार्य शामिल हैं।

************************

अमृत भारत स्टेशन प्रोजेक्ट में शामिल जसीडीह, देवघर, मधुपुर, शंकरपुर और बासुकिनाथ रेलवे स्टेशनों के विकास की स्वीकृति रेल मंत्रालय से मिल गयी है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

************************

दिवंगत आर्च विशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का पार्थिव शरीर आज मांडर से रांची स्थित संत मारिया महागिरजाघर लाया जा रहा है। मांडर से रांची–पुरूलिया रोड तक उनके पार्थिव शरीर को लाने के दौरान जगह जगह उन्हें श्रद्वांजलि दी जा रही है। उनका पार्थिव शरीर रांची स्थित संत मारिया महागिरजाघर दिन के तीन बजे पहुंचेगा। उनके सम्मान में आज लोयला मैदान में मिस्सा अर्पित की जा रही है। कल संत मारिया महागिरजाघर में उनके पार्थिव शरीर का दफन संस्कार होगा। इसे लेकर आज जिला प्रशासन की ओर से रांची शहर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं दस दंडाधिकारियों को भी प्रतिनियुक्त किया गया है। शहर में जाम नहीं लगे इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस के भी अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है।

************************

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर कोडरमा में भी यूटीआरसी अभियान चलाया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर इस विशेष अभियान के तहत जेल में बंद विचाराधीन कैदियों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर राहत देने की योजना है। इसके तहत पहले चरण में कोडरमा मंडल कारा में बंद 8 ऐसे कैदी चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें यूटीआरसी अभियान के तहत राहत प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से ऐसे कैदियों को चिन्हित करने के लिए 13 अलग–अलग श्रेणी बनाए गए हैं। जिसके आधार पर कैदियों की वास्तविक स्थिति, जेल में बंदी के दौरान उनका व्यवहार, उनपर लगे आरोपो की वास्तविक स्थिति, मामले की सुनवाई के दौरान कैदियों का आचरण और उनके खिलाफ मिले सबूत और गवाहों का परीक्षण के साथ–साथ अन्य चीजों का ध्यान रखा जा रहा है।

************************

पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के दीनादाग के बरगाही गांव में पानी से भरे एक गहरे गड्ढे में गिरने से भाई–बहन की मौत हो गई। दोनों पास के स्कूल से अपने घर लौट रहे थें। इसी क्रम में पैर फिसलने से दोनों गड्ढे में जा गिरे. कुछ घंटे बाद उनके शव गड्ढे से बरामद किया गया।

************************

देशभर में महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र 2023 के तहत 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक के 18 लाख से अधिक खाते खोले गए हैं। संचार मंत्रालय ने कहा है कि ये योजना इस साल 1 अप्रैल से शुरू की गई थी। दो साल की अवधि की योजना त्रैमासिक चक्रवृद्धि ब्याज के साथ साढे सात प्रतिशत का आकर्षक और निश्चित ब्याज प्रदान करती है।

************************

रामगढ़ जिले में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। बैठक के दौरान वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के डॉ अमोल ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष के तहत शून्य से पांच साल तक के बच्चों को खसरा एवं रुबेला, निमोनिया, डिफ्थेरिया, काली खांसी, टेटनस, जापानी इन्सेफेलाइटिस, पोलियो समेत कई प्रकार की बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जाते हैं। अभियान का तीसरा चरण 9 अक्तूबर से 14 अक्टूबर तक चलेगा।

************************

रामगढ़ जिले के उपायुक्त चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने वनाधिकार पट्टा, रोजगार, मानदेय राशी,

मुआवजा राशि, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके बाद उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

************************

आईसीसी विश्व कप क्रिकेट में आज धर्मशाला में इंग्लैंड का मुकाबला बांग्लादेश के साथ चल रहा है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले फिल्डिंग करने का फैसला लिया। वहीं इंग्लैंड की टीम ने समाचार लिखे जाने तक 35 ओवर में एक विकेट खोकर 239 रन बना लिए हैं। आज एक अन्य मैच में हैदराबाद में पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच मुकाबला होगा।

********क्रिकेट***************